भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1133
उत्तर देने की तारीख 5 दिसम्बर, 2024

भारतनेट परियोजना की स्थिति

1133. श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारतनेट परियोजना के तहत राज्य-वार अब तक कितनी ग्राम पंचायतें जुड़ी हैं और सेवा के लिए तैयार की गई हैं;

(ख) परियोजना के तहत प्रत्येक राज्य में बिछाई गई ऑप्टिकल फाइबर केबल की कुल लंबाई कितनी है;

(ग) राज्य-वार कितनी ग्राम पंचायतें हैं जहां वर्तमान में कनेक्टिविटी चालू नहीं है; और

(घ) परियोजना की शुरुआत से लेकर अब तक इसके लिए राज्य-वार कितनी धनराशि आवंटित और उपयोग की गई है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (ग) चरणबद्ध रूप से कार्यान्वित की जा रही भारतनेट परियोजना के अंतर्गत अक्टूबर, 2024 के अंत तक 2,14,283 ग्राम पंचायतों (जीपी) को सेवा के लिए तैयार कर दिया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत पूरे भारत में कुल 6,92,099 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) बिछाई गई है। परियोजना के तहत सेवा के लिए तैयार ग्राम पंचायतों और बिछाये गए ऑप्टिकल फाइबर का राज्य-वार विवरण डिजिटल भारत निधि की वेबसाइट **(https://usof.gov.in/en/home)** पर उपलब्ध है।

घ) भारतनेट परियोजना के अंतर्गत आवंटित/उपयोग की गई निधि का राज्य-वार विवरण डिजिटल भारत निधि की वेबसाइट **(https://usof.gov.in/en/home)** पर उपलब्ध है।

***